nt>

Title: Need to supply phosphatic fertilizers to farmers of Rajasthan at economical rates.

श्री संतोा गंगवार (बरेली) : अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सरकार के संज्ञान में लाना चाहता हूं, कि सरकार के एक गलत फैसले के कारण किसानों का करोड़ों रुपयों का नुकसान हुआ है। माननीय ग्रामीण विकास मंत्री जी भी यहां उपस्थित हैं। इस बार अंतर्राट्रीय बाजार में फास्फोरिक एसिड की कीमतें बढ़ गयी थीं। हमारे यहां पर फास्फोरिक खाद ब्लैक में मिला, मिलावटी और अन-उपयुक्त खाद मिला। सरकार ने सब्सिडी देने का फैसला बहुत देर से लिया, और जब तक सब्सिडी देने का फैसला लिया, तब तक किसान को नुकसान हो चुका था। मैं चाहता हूं कि इस फैसले का आगे कोई प्रभाव न पड़े, सरकार इसकी चिंता करे और भविय में इसका ध्यान रखे। जब 90 प्रतिशत फास्फेट हम बाहर से आयात करते हैं तो इस ओर सरकार अभी से इस बात को ध्यान में रखे। इफको ने ही केवल उर्वरक सप्लाई किया बाकी किसी भी कंपनी ने सप्लाई नहीं किया। सरकार इस ओर ध्यान दे कि भविय में इसकी पुनरावृत्ति न हो।